गृह मंत्रालय

गृह राज्य मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर जवानों को श्रद्धांजलि दी

प्रविष्टि तिथि: 14 JUN 2019 9:55PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी ने आज राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जाकर देश की आजादी के बाद अपने जीवन का बलिदान करने वाले वीर जवानों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

उन्होंने रक्षा बलों और केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के परिवारों को आश्वासन दिया कि पूरा देश जवानों के साथ मजबूती से खड़ा है और जवानों द्वारा उठाए जा रहे कष्टों तथा किए जा रहे बलिदानों की प्रशंसा करता है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को भी धन्यवाद दिया जिन्होंने स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद पहली बार ऐसे किसी स्मारक के निर्माण के बारे में सोचा जहां हम अपने जवानों के बलिदानों का स्मरण कर सकते हैं। श्री रेड्डी ने कहा कि यह स्मारक भारत को सुरक्षित बाने के लिए बहादुर जवानों द्वारा दिए गए सर्वोच्च बलिदान और निस्वार्थ सेवाओं के बारे में हमारी भावी पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए एक महत्वपूर्ण स्रोत के रूप में काम करेगा।

****

आर.के.मीणा/आरएनएम/एएम/आईपीएस/डीसी–1609

Regards

MHA Unit, PIB